बाल भारती पब्लिक स्कूल पीतमपुरा दिल्ली ११००३४
हिंदी
कक्षा - सातवीं
हम पंछी उन्मुक्त गगन के

निर्देश

1. उपर्युक्त पाठ के अध्ययन के लिए निम्नलिखित लिंक का प्रयोग कीजिये
   https://www.youtube.com/watch?v=hILt55XTn5c
   https://youtu.be/7oXUAiSeDb4
   https://youtu.be/B_NdI1omg0Q
2. विद्यार्थी पाठ का समस्त कार्य हिंदी की एक उत्तर -पुस्तिका में करेंगे |
3. उत्तर पुस्तिका की जाँच स्कूल खुलने पर की जाएगी |

पाठ का सार

प्रस्तुत कविता आपकी पाठ्य पुस्तक वसंत - भाग २ की पहली कविता है | यह कविता हिंदी के सुप्रसिद्ध कवि श्री शिवमंगल सिंह सुमन जी द्वारा रचित हैं | यह कविता उस समय रची गई थी ,जब हमारा देश परतंत्र था | अंग्रेजी हुकूमत के अत्याचारों के कारण भारतवासियों की हालत पिंजरे में बंद पक्षी की तरह हो गई थी | स्वतंत्र रहना प्राणिमात्र का स्वभाव है | कवि कहते हैं कि पक्षी भी तभी खुश रहते हैं जब वे स्वतंत्र होकर खुले आसमान में उड़ते हैं | पिंजरे के अंदर चाहे कितनी भी सुख -सुविधाएँ उसे क्यों न दे दी जाए,वे कभी खुश नहीं रहेंगे || पिंजरे में बंद रहने के कारण वे उड़ना भूल गए हैं |पेड़ की फुनगी पर बैठकर झूला झूलना ,क्षितिज से प्रतियोगिता करना तथा उड़ते -उड़ते तारों को छू लेना, उनके लिए सब सपना हो गया है | अंत में वे मनुष्य से प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर ने उन्हें उड़ने के लिए ही पंख दिए हैं इसलिएउन्हें पिंजरे में बंद न करके आसमान में स्वतंत्र उड़ने दें | इस कविता की भाषा खड़ी बोली है |
सन्देश - पक्षी हमारे पर्यावरण का एक अभिन्न अंग हैं |प्रत्येक जीव की तरह उसे भी अपनी आजादी प्रिय है | हम सबका यह कर्तव्य है कि हम उन्हें खुले आसमान में स्वतंत्र विचरण करने दें |

कठिन शब्दों के अर्थ

- उन्मुक्त -स्वतंत्र
- पिंजरबद्ध -पिंजरे में बँध कर
- कनक तीलियों - सोने की सलाखें
- पुलकित -प्रसन्न
- कटुक -कड़वी
- निम्बौरी -नीम का फल
- स्वर्ण -शृंखला -सोने की जंजीर
- तरु -पेड़
- फुनगी -पेड़ की ऊँची एवं कोमल शाखा
- क्षितिज -वह स्थान जहाँ धरती और आसमान मिलते हुए दिखाई दें
- होड़ाहोड़ी -प्रतियोगिता

- नीड़ -घोसला
- आश्रय -सहारा
- छिन्न -भिन्न करना --तोड़ देना
- विघ्न -बाधा

<u>अभ्यास</u>

प्रश्न -१ पक्षियों के गाने में क्या बाधा है ?
प्रश्न -२ पक्षियों को क्या प्रिय है और क्या नहीं ?प्रश्न
प्रश्न -३ पिंजरे में बंद पक्षी की क्या -क्या इच्छाएँ हैं ?कविता के आधार पर लिखें |
प्रश्न -४ पक्षी किससे प्रतियोगिता करना चाहते हैं ?
प्रश्न -५ स्वर्ण शृंखला के बंधन से कवि का क्या आशय है ?
प्रश्न -६ कविता में लाल किरण और अनार के दाने किसे कहा गया है ?

<u>अनुमान एवं कल्पना</u>

१ - पक्षियों को पिंजरे में बंद करने से केवल उनकी आज़ादी ही नहीं छिनती अपितु पर्यावरण भी प्रभावित होता है | इस विषय पर १० -१५ पंक्तियों में अपने विचार लिखिए |

<u>रचनात्मक गतिविधि</u>

पिंजरे में बंद पक्षी का एक आकर्षक चित्र बनाएं |

<u>व्याकरण</u>

निम्नलिखित शब्दों के भिन्न अर्थ लिखें
उदहारण -दल --सेना ,पत्ता ,समूह
१- कनक
२-अंक
३ -फल
४ -पत्र